## अभ्यास प्रश्नपत्र 3 (2020-21)


## इतिहास (027)

## कक्षा-XII

समय: 3 घंटा अधिकतम अंक: 80

**सामान्य निर्देश:**

1) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए है। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए है । इस प्रश्न पत्र में छह खंड है।
2) **खंड क** (प्रश्न संख्या 1 से 16) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1) अंक वाले है। इनके उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये। किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
3) **खंड ख** (प्रश्न संख्या 17 से 19) स्रोत आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंको का है। प्रत्येक प्रश्न के 4 उप-भाग है जिनमे से किसी तीन उप- भागों के उत्तर दीजिये।
4) **खंड ग** (प्रश्न संख्या 20 से 23) में प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये।
5) **खंड घ** (प्रश्न संख्या 24 से 26) में प्रत्येक प्रश्न 8 अंको का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 350 शब्दो में दीजिये।
6. **खंड ड** (प्रश्न संख्या 27 से 29) स्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंको का है।
7. **खंड च** ( प्रश्न संख्या 30) मानचित्र संबंधी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्वपूर्ण मदो को दर्शाना शामिल है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका-के साथ नत्थी कीजिए।

| | खंड क<br><br>किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। | 1x15=15 |
|---|---|---|
| 1 | हड़प्पा सभ्यता अपनी जिस विशेषता के लिए सबसे अधिक जानी जाती है वह है:<br>a) नगर योजना<br>b) कृषि<br>c) व्यापार<br>d) पशु पालन | 1 |
| 2 | अलेक्जेंडर कनिंघम के बारे में असत्य कथन है :<br>a) साँची, सारनाथ समेत अनेक स्थलों का उन्होने उत्खनन कराया।<br>b) भारतीय पुरातत्व विभाग की स्थापना करने में भूमिका निभायी ।<br>c) भारतीय पुरातत्व विभाग के पहले डायरेक्टर जनरल बने।<br>d ) वे एक अंग्रेज़ चिकित्सक थे। | 1 |
| 3 | पियदस्सी का शाब्दिक अर्थ है :<br>a) शक्तिशाली<br>b) अपनी प्रजा को प्रेम करने वाला<br>c) मनोहर मुखाकृति वाला<br>d) सभी का प्रिय | 1 |
| 4 | युग्म सुमेलित कीजिए:<br><br>सूची i — सूची ii<br>क) बहुपत्नी प्रथा — (I) गोत्र के अंदर विवाह<br>ख) बहुपति प्रथा — (II) गोत्र के बाहर विवाह<br>ग) अंतर्विवाह — (III) एक पुरुष का अनेक स्त्रियों के साथ विवाह<br>घ) बहिर्विवाह — (IV) एक स्त्री का अनेक पुरुषों के साथ विवाह<br><br>सही उत्तर है:<br>a) क-III, ख-IV, ग-I, घ-II<br>b) क-III, ख-I, ग-IV, घ-II<br>c) क-I, ख-IV, ग-III, घ-II<br>d) क-II, ख-III, ग-I, घ-IV | 1 |
| 5 | प्रस्तर शिलापट पर उकेरा गया चित्र किस ऐतिहासिक स्मारक से लिया गया है?<br><br><br>**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 5 के स्थान पर:**<br><br>गौतम बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | नयनार उपासक थे :<br>a) विष्णु के<br>b) शिव के<br>c) गणेश के<br>d) निराकार के | 1 |
| 7 | गुरु नानक के बारे में सत्य कथन हैं :<br>a) उन्होंने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया<br>b) धर्म के बाहरी आडम्बरों को नकारा<br>c) हिन्दू तथा मुसलमानों के ग्रंथों को अस्वीकार किया<br>d) यज्ञ तथा अनुष्ठान को स्वीकारा<br>i) a,b,c<br>ii) a,b,d<br>iii) b,c,d<br>iv) a,d,c | 1 |
| 8 | विजयनगर साम्राज्य की राजधानी हम्पी किस नदी के किनारे पर स्थित थी? | 1 |
| 9 | सुलह-ए-कुल का शाब्दिक अर्थ है:<br>a) सर्वत्र ख़ुशी<br>b) कुल में सुलह<br>c) कुल में शांति<br>d) सर्वत्र शांति | 1 |
| 10 | ब्रिटिश संसद में पांचवी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी सन :<br>a) 1814 में<br>b) 1813 में<br>c) 1815 में<br>d) 1816 में | 1 |
| 11 | राजमहल की पहाड़ियों के सन्दर्भ में कुदाल किसका प्रतीक थी? | 1 |
| 12 | सहायक संधि किस अंग्रेज गवर्नर द्वारा तैयार की गई? | 1 |
| 13 | दूसरा गोलमेज सम्मलेन किस वर्ष हुआ ? | 1 |
| **14** | नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है:<br><br>कथन (A) - महात्मा गाँधी ने 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से दांडी यात्रा की शुरुआत की.<br><br>कारण(R) - अंग्रेजो द्वारा लागू सबसे घृणित कानूनों में एक नमक कानून के विरोध में ये आन्दोलन शुरू किया गया.<br><br>a) केवल कथन (A) सही है।<br>b) केवल कारण (R) सही है।<br>c) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है पर कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण नहीं है।<br>**d)** कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है और कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण है। | 1 |
| 15 | जवाहरलाल नेहरु ने संविधान सभा के सामने उद्देश्य प्रस्ताव कब प्रस्तुत किया? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे? | 1 |
| | **खंड ख** | |
| 17 | दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढिए और निम्न में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए -: | 1+1+1=3 |
| | **अनुष्ठान और यथार्थ संसार**<br>यह बासवन्ना द्वारा रचित एक वचन है:<br>जब वे एक पत्थर से बने सर्प को<br>देखते हैं तो उस पर दूध चढ़ाते हैं<br>यदि असली साँप आ जाये तो<br>कहते हैं “मारो-मारो”.<br>देवता के उस सेवक को, जो<br>भोजन परसने पर खा सकता है वे<br>कहते हैं “चले जाओ! चले जाओ!”<br>किन्तु ईश्वर की प्रतिमा को जो खा<br>नहीं सकती, वे व्यंजन परोसते हैं.<br>**अब निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दे-**<br>1) **बासवन्ना ने जिस परंपरा की शुरुआत की, वह है:**<br>a)अलवार<br>b) नयनार<br>c) वीरशैव<br>d) वैष्णव<br>2) **प्रस्तुत लेख में चोट की गयी है :**<br>a) धर्म पर<br>b) समाज पर<br>c) सामाजिक आडम्बरों और कुरीतियों पर<br>d)शिव के उपासकों पर<br>3) **लिंगायतों का इनमे से जिस पर विश्वास नहीं था, वह है :**<br>a) पुनर्विवाह | |

| | | |
|---|---|---|
| | b) विधवा विवाह<br><br>c) पुनर्जन्म<br><br>d) वयस्क विवाह<br><br>**4) बासवन्ना का प्रभाव मुख्य रूप से ________ राज्य में था**<br><br>a) कर्नाटक<br><br>b) तमिलनाडु<br><br>c) महाराष्ट्र<br><br>d) गुजरात | |
| 18 | मथुरा से प्राप्त बुद्ध के इस चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:<br><br><br><br>1) **बौद्ध धर्म में जीवन का परम लक्ष्य माना गया है :**<br>a) बोद्धिसत्त बनना<br><br>b) सत्य के मार्ग पर चलना<br><br>c) पुनर्जन्म<br><br>d) निर्वाण प्राप्त करना<br><br>2) **बौद्ध शिक्षाओं के अनुसार एक व्यक्ति निर्वाण प्राप्त कर सकता है :**<br><br>a) ज्ञान प्राप्त करके<br><br>b) बोद्धिसत्त बन कर<br><br>c) अहिंसा के मार्ग द्वारा<br><br>d) व्यक्तिगत प्रयासों द्वारा<br><br>3) **बौद्ध धर्म की पुरानी परम्पराओं को अपनाने वाले कहलाए :** | 1+1+1=3 |

a) हीनयान

b) महायान

c) बोद्धिसत्त

d) निर्वाण

4) **नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है**

कथन(A)- बुद्ध ने व्यक्तिगत प्रयास से प्रबोधन और निब्बान प्राप्त किया।

कारण (R)- बोद्धिसत्त अपने पुण्यों का प्रयोग दूसरों की सहायता करने के लिए करते थे।

a) केवल कथन(A) सही है।
b) केवल कारण(R) सही है।
c) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है पर कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण नहीं है।
d) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है और कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण देता है।

**<u>केवल दृष्टिबाधितों के लिए</u> : प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर: दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।:-**

**वनों की बटाई और स्थायी कृषि के बारे में**

निचली राजमहल की पहाड़ियों में एक गाँव से गुजरते हुए, बुकानन ने लिखा:

इस प्रदेश का दृश्य बहुत ही बढ़िया है; यहाँ की खेती विशेष रूप से,घुमावदार संकरी घाटियों में धान की फ़सल, बिखरे हुए पेड़ों के साथ साफ़ की गयी ज़मीन, और चट्टानी पहाड़ियां सभी अपने आप में पूर्ण हैं, कमी है तो बस इस क्षेत्र में कुछ प्रगति की और विस्तृत तथा उन्नत खेती की, जिनके लिए यह प्रदेश अत्यंत संवेदनशील है. यहाँ लकड़ी की जगह टसर और लाख के लिए आवश्यकतानुसार बड़े-बड़े बागान

लगाये जा सकते हैं; बाकि जंगल को भी साफ़ किया जा सकता है,और जो भाग इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त न हो वहाँ पनई ताड़ और महुआ के पेड़ लगाये जा सकते हैं

1)**फ्रांसिस बुकानन अपने सुझाव में संबोधित कर रहे हैं :**

a) जमींदारों को

b) भारत की जनता को

c) ईस्ट इंडिया कंपनी को

d) ब्रिटिश संसद को


2) **राजमहल की पहाड़ियों की प्राकृतिक सुन्दरता निहारते हुए पूरे वन प्रदेश के भ्रमण**

| | | |
|---|---|---|
| | **करने के पीछे बुकानन का मुख्य उद्देश्य था :**<br><br>a) अज्ञात की खोज<br><br>b) प्रकृति प्रेम<br><br>c) औपनिवेशिक नीति का प्रचार<br><br>d) वनवासियों के कल्याण की भावना<br><br>3) **बुकानन को वनवासी समझते थे :**<br><br>a) एक दार्शनिक<br><br>b) प्रकृति प्रेमी<br><br>c) एक मसीहा<br><br>d) अंग्रेज़ो का एजेंट<br>4) **फ्रांसिस बुकानन पेशे से थे:**<br><br>a) एक चिकित्सक<br><br>b) शिक्षक<br><br>c) एक व्यापारी<br><br>d) इतिहासकार | |
| 19 | दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:<br>'उचित' सामाजिक कर्तव्य<br>महाभारत के *आदिपर्वन* से एक कहानी उद्धत है:<br>एक बार ब्राह्मण द्रोंण के पास, जो कुरु वंश के राजकुमारों को धनुर्विद्या की शिक्षा देते थे, एकलव्य नामक वनवासी निषाद (शिकारी समुदाय)आया. द्रोंण ने जो धर्म समझते थे, उसे शिष्य के रूप में स्वीकार करने से मना कर दिया. एकलव्य ने वन में लौट कर मिट्टी से द्रोंण की प्रतिमा बनाई तथा उसे अपना गुरु मानकर वह स्वयं ही तीर चलाने का अभ्यास करने लगा. समय के साथ वह तीर चलाने में सिध्दहस्त हो गया. एक दिन कुरु राजकुमार अपने कुत्ते के साथ जंगल में शिकार करते हुए एकलव्य के समीप पहुँच गए. कुत्ता काले मृग की चमड़ी में लिपटे निषाद को देखकर भौंकने लगा. क्रोधित होकर एकलव्य ने एक साथ सात तीर चलाकर उसका मुँह बंद कर दिया. जब वह कुत्ता लौटा तो पांडव तीरंदाजी का यह अद्भुत दृश्य देखकर आश्चर्यचकित रह गए. उन्होंने एकलव्य को तलाशा, उसने स्वयं को द्रोंण का शिष्य बताया.<br>द्रोंण ने अपने प्रिय शिष्य अर्जुन से एक बार ये कहा था कि वह उनके सभी शिष्यों में अद्वितीय तीरंदाज बनेगा. अर्जुन ने द्रोंण को उनका यह प्रण याद दिलाया. द्रोंण एकलव्य के पास गए जिसने उन्हें अपना गुरु मानकर प्रणाम किया. तब द्रोंण ने गुरु दक्षिणा के रूप में उसके दाहिने हाथ का अँगूठा माँग लिया. एकलव्य ने फ़ौरन गुरु को अपना अँगूठा काट कर दे दिया. अब एकलव्य तीर चलाने में उतना तेज़ नहीं रहा. इस तरह द्रोंण ने अर्जुन को दिए वचन को निभाया: कोई भी अर्जुन से बेहतर धनुर्धारी नहीं रहा.<br><br>**1) द्रोंण ने एकलव्य को अपना शिष्य बनाने से इसलिए मना किया, क्योकि:** | 1+1+1=3 |

| | | |
|---|---|---|
| | a) वह आज्ञाकारी नहीं था<br>b) वह एक निषाद था<br>c) वह गुरु दक्षिणा नहीं दे सकता था<br>d) वह मेहनती नहीं था<br><br>**2) द्रोंण ने अर्जुन को दिए अपने प्रण को पूरा किया:**<br>a) अर्जुन को धनुष बाण देकर<br>b) एकलव्य का अंगूठा माँग कर<br>c) अर्जुन को पुरस्कार देकर<br>d) एकलव्य की निंदा करके<br><br>**3) द्रोंण ______ वंश के राजकुमारों को धनुर्विद्या देते थे:**<br>a) ब्राहमण<br>b) निषाद<br>c) कुरु<br>d) मौर्य<br><br>**4) एकलव्य अपना गुरु मानता था :**<br>a) अर्जुन को<br>b) द्रोणाचार्य को<br>c) ईश्वर को<br>d) स्वयं को | |
| | **खंड ग** | |
| 20 | पांचवी रिपोर्ट क्या थी? व्याख्या कीजिए। | 3 |
| 21 | 'महाभारत एक गतिशील ग्रन्थ है.' उक्त कथन का विश्लेषण कीजिए। | 3 |
| 22 | "1850 के दशक तक संथाल लोग यह महसूस करने लगे थे कि अपने लिए एक आदर्श संसार का निर्माण करने के लिए, जहाँ उनका अपना शासन हो, साहूकारों और औपनिवेशिक राज के विरुद्ध विद्रोह करने का समय आ गया है।" कथन कि न्यायसंगत विवेचना कीजिए। | 3 |
| 23 | उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर ज़ोर दिया गया था? | 3 |
| | **खंड घ** | |
| 24 | "हड़प्पा सभ्यता का सबसे अनूठा पहलू शहरी केन्द्रों का विकास था". उक्त कथन कि युक्तियुक्त तर्कों से पुष्टि कीजिए।.<br>**अथवा**<br>"मार्शल ने भारत को जहाँ पाया, उसे उससे तीन हज़ार वर्ष पीछे छोड़ा।". सोदाहरण विश्लेषण कीजिए। | 8 |
| 25 | गुरु नानक देव जी की प्रमुख शिक्षाएं क्या थी? 21वीं शताब्दी के संदर्भ में इनकी क्या प्रासंगिकता है।<br>**अथवा**<br>सूफी मत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिये. | 6+2<br><br><br>8 |
| 26 | 1857 के विद्रोह के प्रमुख कारणों की चर्चा करें.<br><br>**अथवा**<br><br>1857 की क्रांति के विद्रोही क्या चाहते थे? विभिन्न सामाजिक समूहों की दृष्टि में कितना फर्क था? | 8 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड ड** | |
| 27 | निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br><br>**राष्ट्रीय भाषा की क्या विशेषताएँ होनी चाहिए?**<br>अपनी मृत्यु से कुछ माह पहले महात्मा गाँधी ने भाषा के प्रश्न पर अपने विचार दोहराते हुए कहा था:<br>यह हिंदुस्तानी न तो संस्कृतनिष्ठ हिंदी होनी चाहिए और न ही फारसीनिष्ठ उर्दू. यह दोनों का सुंदर मिश्रण होना चाहिए. उसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं से शब्द खुलकर उधार लेने चाहिए. विदेशी भाषाओं के ऐसे शब्द लेने में कोई हर्ज़ नहीं है जो हमारी राष्ट्रीय भाषा में अच्छी तरह और आसानी से घुलमिल सकते हैं. इस प्रकार हमारी राष्ट्रीय भाषा एक समृद्ध और शक्तिशाली भाषा होनी चाहिए जो मानवीय विचारों और भावनाओं के पूरे समुच्चय को अभिव्यक्ति दे सके. खुद को हिंदी या उर्दू से बाँध लेना देशभक्ति की भावना तथा समझदारी के विरूद्ध एक अपराध होगा.<br>(27.1) हमारे राष्ट्र की भाषा कैसी होनी चाहिए?<br><br>(27.2) कौन सी विशेषताएँ राष्ट्रीय भाषा को समृद्ध बनाती हैं?<br><br>(27.3) 'खुद को हिंदी तथा उर्दू से बाँध लेना देशभक्ति की भावना तथा समझदारी के विरूद्ध है।' विवेचना कीजिए | 1+2+2=5 |
| 28 | निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>**अग्नि की प्रार्थना**<br>यहाँ पर ऋग्वेद से लिए गए दो छंद हैं जिनमे अग्निदेव का आह्वान किया गया है:<br>हे शक्तिशाली देव, आप हमारी आहुति देवताओं तक ले जाएँ! हे बुद्धिमंत, आप तो सबके दाता हैं! हे पुरोहित, हमें खूब सारे खाद्य पदार्थ दें।<br>हे अग्नि यज्ञ के द्वारा हमारे लिए प्रचुर धन ला दें। हे अग्नि, जो आपकी प्रार्थना करता है उसके लिए आप सदा के लिए पुष्टिवर्धक अद्भुत गाय ला दें। हमें एक पुत्र मिले जो हमारे वंश को आगे बढ़ाये......<br>इस तरह के छंद एक खास तरह की संस्कृत में रचे गए थे जिसे वैदिक संस्कृत कहा जाता था। ये स्रोत पुरोहित परिवारों के लोगों को मौखिक रूप में सिखाये जाते थे।<br>(28.1) वैदिक संस्कृत क्यों महत्वपूर्ण थी?<br>(28.2) वैदिक परम्पराओं के किन्ही दो धार्मिक विश्वासों और रिवाजों को स्पष्ट कीजिये.<br>(28.3) वैदिक काल के दौरान आहुतियाँ क्यों दी जाती थी? | 1+2+2 |
| 29 | निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>कॉलिन मैकेन्जी<br>1754 ई. में जन्मे कॉलिन मैकेन्जी ने एक अभियंता, सर्वेक्षक तथा मानचित्रकार के रूप में प्रसिद्धि हासिल की. 1815 में उन्हें भारत का पहला सर्वेयर जनरल बनाया गया और 1821 में अपनी मृत्यु तक वे इस पद पर बने रहे. भारत के अतीत को बेहतर ढंग से समझने और उपनिवेश के प्रशासन को आसान बनाने के लिए उन्होंने इतिहास से संबंधित स्थानीय परम्पराओं का संकलन तथा ऐतिहासिक स्थलों का सर्वेक्षण करना आरम्भ किया. वे कहते हैं, "ब्रिटिश प्रशासन के सुप्रभाव में आने से पहले दक्षिण भारत खराब प्रबंधन की दुर्गति से लम्बे समय तक जूझता रहा." विजयनगर के अध्ययन से मैकेन्जी को यह विश्वास हो गया की कम्पनी, "स्थानीय लोगों के अलग-अलग कबीलों, जो इस समय भी जनसँख्या का एक बड़ा हिस्सा थे, | 1+2+2=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | को अब भी प्रभावित करने वाले इनमे से कई संस्थाओं, कानूनों तथा रीति-रिवाजों के विषय में बहुत महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ" हासिल कर सकती थी.<br>(29.1) कॉलिन मैकेन्जी कौन थे?<br>(29.2) मैकेन्जी ने विजयनगर साम्राज्य की पुन: खोज का प्रयास किस प्रकार किया?<br>(29.3) ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए विजयनगर साम्राज्य का अध्ययन किस प्रकार उपयोगी था? | |
| | **खंड च**<br>**(मानचित्र प्रश्न)** | |
| 30 | (30.1) भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए -<br>(a) नागार्जुनकोंडा, एक प्रसिद्ध बौद्ध स्थल<br>**अथवा**<br>मैसूर<br><br>(b) लखनऊ, 1857 के विद्रोह का एक केंद्र<br>**अथवा**<br>कालीबंगन, हड़प्पा सभ्यता का एक प्रसिद्ध स्थल<br><br>(c) अमृतसर<br><br>(30.2) भारत के दिए गए इसी राजनैतिक मानचित्र में, दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है. उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गयी रेखाओं पर लिखिए.<br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधितों के लिए प्रश्न संख्या 30.1 एवं 30.2 के स्थान पर है।**<br>(30.1) भारत छोडो आन्दोलन से संबन्धित किन्ही तीन केन्द्रों के नाम लिखिए।<br>अथवा<br>बौद्ध धर्म से संबन्धित किन्ही तीन स्थलों के नाम लिखिए।<br><br>(30.2) हड़प्पा सभ्यता से संबन्धित किन्ही दो प्रसिद्ध स्थलों के नाम लिखिए. | 1+1+1<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1+1 |


300 km
200 mi
© d-maps.com
B
A